बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

संख्या – 01/भू0अ0नि0(2)राज्य यो0(मुंगेर)–16/2021 1892 पटना, दिनांक:– 19/04/2024

आदेश

बंदोबस्त पदाधिकारी, मुंगेर के पत्रांक 781 दिनांक 06.10.2023 द्वारा श्री पंकज कुमार, विशेष सर्वेक्षण अमीन(AEN04609) के विरूद्ध प्रतिवेदित किया गया है कि निदेशालय पत्रांक 11366 दिनांक 02.12.2020 द्वारा पदस्थापन के पश्चात् इनके द्वारा बंदोबस्त कार्यालय, मुंगेर में योगदान नहीं किया गया है।

प्राप्त प्रतिवेदन के आलोक में भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय के पत्रांक 1579 दिनांक 25.03.2024 द्वारा श्री कुमार से पदस्थापन के 03 वर्ष पश्चात भी पदस्थापित कार्यालय में योगदान नहीं करने के विरूद्ध 03 दिनों के अन्दर इस शर्त्त के साथ स्पष्टीकरण की मांग की गयी है कि निर्धारित अवधि तक स्पष्टीकरण प्राप्त नहीं होने के फलस्वरूप संविदा समाप्ति संबंधी एक पक्षीय कार्रवाई की जाएगी। इतने स्पष्ट निदेश के बावजूद भी इनके द्वारा 15 दिन में भी स्पष्टीकरण समर्पित नहीं किया गया है, जो वरीय पदाधिकारी के निदेश के अवहेलना का परिचायक है।

श्री कुमार द्वारा दिनांक 29.09.2020 को निदेशालय में योगदान दिया गया है, जिसके पश्चात् निदेशालय आदेश संख्या 11366 दिनांक 02.12.2020 द्वारा इनका पदस्थापन बंदोबस्त कार्यालय, मुंगेर में किया गया है, परन्तु इनके द्वारा अपने कर्त्तव्य स्थल पर योगदान नहीं किया गया और न ही इनके द्वारा कभी भी निदेशालय अथवा पदस्थापित कार्यालय को योगदान नहीं किए जाने के संबंध में कोई सूचना दी गयी है। इसके बावजूद भी नैसर्गिक न्याय का पालन करते हुए इन्हें अपना पक्ष रखने का अवसर दिया गया, परन्तु इनके द्वारा कोई प्रतिउत्तर नहीं दिए जाने से स्पष्ट है कि ये अपने कर्त्तव्य के प्रति उदासीन एवं लापरवाह हैं तथा कार्य करने के इच्छुक नहीं हैं। ऐसी स्थिति में इनका संविदा नियोजन बनाए रखने का कोई औचित्य नहीं है।

अतः बिहार विशेष सर्वेक्षण मानदेय आधारित संविदा नियोजन नियमावली, 2019 एवं संशोधित नियमावली, 2022 के नियम 8(4) के आलोक में श्री पंकज कुमार, विशेष सर्वेक्षण अमीन(AEN04609) का संविदा नियोजन दिनांक 29.09.2020 से समाप्त किया जाता है।

19/4/24
(जय सिंह)
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांकः–01/भू0अ0नि0(2)राज्य यो0(मुंगेर)–16/2021 1892 पटना, दिनांक :– 19/04/2024

प्रतिलिपि :– श्री पंकज कुमार, विशेष सर्वेक्षण अमीन(AEN04609), बंदोबस्त कार्यालय, मुंगेर को सूचनार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांकः–01/भू0अ0नि0(2)राज्य यो0(मुंगेर)–16/2021 1892 पटना, दिनांक :– 19/04/2024

प्रतिलिपि :– बंदोबस्त पदाधिकारी, बंदोबस्त कार्यालय, मुंगेर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांकः–01 / भू0अ0नि0(2)राज्य यो0(मुंगेर)–16 / 2021 1892 पटना, दिनांक :– 19/04/2024

प्रतिलिपि :– श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय को सूचनार्थ एवं विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने तथा इसकी स्कैन कॉपी R2R अन्तर्गत व्यक्तिगत संचिका में भी अपलोड करने हेतु प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप
18/4/24